कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./2023–24/374 दिनांक : 09/01/2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ

ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोट:–

''आई.ए.एस. ट्रैनीज ने किया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के इंक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण''

ग्वालियर। कृषि विष्वविद्यालय के सेंटर फॉर एग्रीबिजनेश इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरषिप में आई.ए.एस. ऑफीसर बैच 2023 के 15 ट्रैनीज द्वारा भारत दर्शन के दौरान विगत दिवस भ्रमण किया गया। इनका नेतृत्व श्री विनित कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

भ्रमण के दौरान इन्क्यूबेशन सेंटर के सी.ई.ओ. आदित्य सिंह द्वारा सी.ए.आई.ई. की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नाबार्ड, डी.डी.एम. श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा नाबार्ड की योजनाओं से अवगत कराया गया।